लोक संपर्क कार्यालय

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम........पंजाब केसरी........

दिनांक 16.12.2019...... पृष्ठ सं......4...... कॉलम......7-8......

# जैविक खेती से बचा जा सकेगा पैस्टिसाइड व कैमिकल फर्टिलाइजर के दुष्प्रभाव से : के.पी.

हिसार, 15 दिसम्बर (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में लगभग 150 एकड़ में स्थित दीनदयाल उपाध्याय जैविक उत्कृष्ट केन्द्र के प्रति किसानों के साथ-साथ भ्रमणकारियों के लिए भी आकर्षण व जागरूकता दिनोंदिन बढ़ती जा रही है। इसी कड़ी में विश्वविद्यालय द्वारा आज जैविक बाग में प्रातःकालीन भ्रमणकारियों हेतु जैविक विहार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विधायक, हिसार डा. कमल गुप्ता इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे तथा उनकी पत्नी डा. प्रतिभा गुप्ता विशिष्टातिथि के रूप में उपस्थित थीं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. के.पी. सिंह की अध्यक्षता में शहर के गण्यमान्य अतिथि जो प्रतिदिन प्रातःकालीन सैर करते हैं उनको बाग की विभिन्न विकासात्मक गतिविधियों और उसमें उगने वाली फसलों के बारे में अवगत कराया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक, हिसार डा. कमल गुप्ता ने कहा कि जैविक खेती समय की मांग है।

आज के समय में पैस्टिसाइड व कैमिकल फर्टिलाइजर के अधिक व अनावश्यक प्रयोग के कारण हमारे खाद्य पदार्थ जहरीले होते जा रहे हैं जिनसे हमारे स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। इन कैमिकल्स के दुष्प्रभाव से बचने के लिए विश्वविद्यालय ने जैविक उत्कृष्ट केन्द्र की स्थापना करके प्रदेश के लिए सराहनीय कार्य किया है और इसके लिए विश्वविद्यालय बधाई का पात्र है जो आने वाली पीढ़ी को न केवल स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने अपितु जहर मुक्त खाद्य पदार्थ उपलब्ध करवाने के लिए प्रयासरत है। कुलपति प्रो. के.पी. सिंह ने बताया कि जैविक खेती से न केवल पैस्टिसाइड व कैमिकल फर्टिलाइजर के दुष्प्रभाव से बचा जा सकेगा अपितु दिनोंदिन बढ़ रही जानलेवा बीमारियों से बचा जा सकेगा। इसी को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय ने दीनदयाल उपाध्याय जैविक उत्कृष्ट केन्द्र स्थापित किया है। इसमें अन्य फसलों व सब्जियों के अलावा 20 एकड़ क्षेत्र में जैविक फलों की भी खेती की जा रही है। इस जैविक केन्द्र का मुख्य उद्देश्य जैविक खेती की समग्र सिफारिशें विकसित करके किसानों तक पहुंचाना तथा उन्हें जागरूक करना है ताकि वे रासायनिक खेती से हटकर जैविक खेती से जुड़ें।



*कुलपति प्रो. के.पी. सिंह केन्द्र की जानकारी देते हुए।*

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम ......अमर उजाला......
दिनांक 16.12.2019 पृष्ठ सं. 16 कॉलम 1-7

# जैविक खेती समय की मांग : डॉ. गुप्ता

अमर उजाला ब्यूरो

हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में रविवार को जैविक विहार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर विधायक डॉ. कमल गुप्ता कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे और उनकी पत्नी डॉ. प्रतिभा गुप्ता विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. केपी सिंह ने की। इस दौरान उन्होंने दीनदयाल उपाध्याय जैविक उत्कृष्ट केन्द्र का दौरा किया।

इस अवसर पर डॉ. कमल गुप्ता ने कहा कि जैविक खेती समय की मांग है। आज के समय में पेस्टिसाइड व केमिकल फर्टिलाइजर के अधिक व अनावश्यक प्रयोग के कारण हमारे खाद्य पदार्थ जहरीले होते जा रहे हैं जिनसे हमारे स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। इन केमिकल्स के दुष्प्रभाव से बचने के लिए विश्वविद्यालय ने जैविक उत्कृष्ट केन्द्र की स्थापना करके प्रदेश के लिए सराहनीय कार्य किया है, जो आने वाली पीढ़ी को न केवल स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने अपितु जहर मुक्त खाद्य पदार्थ उपलब्ध करवाने के लिए प्रयासरत है।

कुलपति प्रो. केपी सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय ने दीनदयाल उपाध्याय जैविक उत्कृष्ट केंद्र स्थापित किया है। इसमें अन्य फसलों व सब्जियों के अलावा 20 एकड़ क्षेत्र में जैविक फलों की भी खेती की जा रही है। इस जैविक केन्द्र का मुख्य उद्देश्य जैविक खेती की समग्र सिफारिशें विकसित करके किसानों तक पहुंचाना तथा उन्हें जागरूक करना है ताकि वे रासायनिक खेती से हटकर जैविक खेती से जुड़ें।

नियंत्रण अधिकारी डॉ. आरके झोरड़ ने बताया कि जैविक उत्कृष्ट केन्द्र में कम पानी में अधिक उत्पादन के लिए प्रयोग में लाई जा रही सिंचाई प्रणाली के लिए उप-सतही जल निकासी प्रणाली, स्वचालित सूक्ष्म सिंचाई, एचडीपीई तालाब और झील अस्तर, सौर पंपिंग प्रणाली आदि का प्रयोग किया जा रहा है।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम....दैनिक जागरण....
दिनांक 16.12.2019.... पृष्ठ सं....17.... कॉलम....6....

# जैविक विहार कार्यक्रम में बताए जैविक खेती के लाभ

**जागरण संवाददाता, हिसार:** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में लगभग 150 एकड़ में स्थित दीनदयाल उपाध्याय जैविक उत्कृष्ट केंद्र के प्रति किसानों के साथ-साथ भ्रमणकारियों के लिए भी आकर्षण व जागरूकता दिनों दिन बढ़ती जा रही है। इसी कड़ी में विश्वविद्यालय द्वारा रविवार को जैविक बाग में प्रातःकालीन भ्रमणकारियों के लिए जैविक विहार कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इसमें मुख्य अतिथि शहर विधायक डा. कमल गुप्ता, उनकी धर्मपत्नी डा. प्रतिभा गुप्ता विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह की अध्यक्षता में शहर के गणमान्य अतिथि जो प्रतिदिन प्रातःकालीन सैर करते हैं, उनको बाग की विभिन्न विकासात्मक गतिविधियों और उसमें उगने वाली फसलों के बारे में अवगत कराया गया। विधायक डा. गुप्ता ने कहा कि जैविक खेती समय की मांग है। आज के समय में पैस्टिसाइड



व कैमिकल फर्टिलाइजर के अधिक व अनावश्यक प्रयोग के कारण हमारे खाद्य पदार्थ जहरीले होते जा रहे हैं, जिनसे हमारे स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। इन कैमिकल्स के दुष्प्रभाव से बचने के लिए विश्वविद्यालय ने जैविक उत्कृष्ट केन्द्र की स्थापना करके प्रदेश के लिए सराहनीय कार्य किया है। नियंत्रण अधिकारी डा. आरके झोरड़ ने बताया कि जैविक उत्कृष्ट केन्द्र में कम पानी में अधिक उत्पादन के लिए प्रयोग में लाई जा रही सिंचाई प्रणाली के लिए उप-सतही जल निकासी प्रणाली, स्वचालित सूक्ष्म सिंचाई, एचडीपीई तालाब और झील अस्तर, सौर पंपिंग प्रणाली आदि का प्रयोग किया जा रहा है।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम ........ नभ छोर ........
दिनांक 15-12-2019 पृष्ठ सं. 2 कॉलम 2-5

# भ्रमण करने वालों को करवाया जैविक उत्कृष्ट केंद्र का अवलोकन

हिसार/15 दिसंबर/रिपोर्टर

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में लगभग 150 एकड़ में स्थित दीनदयाल उपाध्याय जैविक उत्कृष्ट केन्द्र के प्रति किसानों के साथ-साथ भ्रमणकारियों के लिए भी आकर्षण व जागरूकता दिनोंदिन बढ़ती जा रही है। इसी कड़ी में विश्वविद्यालय द्वारा आज जैविक बाग में प्रातःकालीन भ्रमणकारियों हेतु जैविक विहार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विधायक, हिसार डॉ. कमल गुप्ता इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे तथा उनकी धर्मपत्नी डॉ. प्रतिभा गुप्ता विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थीं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह की अध्यक्षता में जो व्यक्ति प्रतिदिन प्रातःकालीन सैर करते हैं उनको बाग की विभिन्न विकासात्मक गतिविधियों और उसमें उगने वाली फसलों के बारे में अवगत कराया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक, डॉ. कमल गुप्ता ने कहा कि जैविक खेती समय की मांग है। आज के समय में पैस्टिसाइड व कैमिकल फर्टिलाइजर के अधिक व अनावश्यक प्रयोग के कारण हमारे खाद्य पदार्थ जहरीले होते जा रहे हैं जिनसे हमारे स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है । इन कैमिकल्स के दुष्प्रभाव से बचने के लिए विश्वविद्यालय ने जैविक उत्कृष्ट केन्द्र की स्थापना करके प्रदेश के लिए सराहनीय कार्य किया है और इसके लिए विश्वविद्यालय बधाई का पात्र है जो आने वाली पीढ़ी को न केवल स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने अपितु जहर मुक्त खाद्य पदार्थ उपलब्ध करवाने के लिए प्रयासरत है। कुलपति प्रो. केपी सिंह ने बताया कि जैविक खेती से न केवल पैस्टिसाइड व कैमिकल फर्टिलाइजर के दुष्प्रभाव से बचा जा सकेगा अपितु दिनोंदिन बढ़ रही जानलेवा बीमारियों से बचा जा सकेगा। इसी को ध्यान में रखते हुये विश्वविद्यालय ने दीनदयाल उपाध्याय जैविक उत्कृष्ट केन्द्र स्थापित किया है। इसमें अन्य फसलों व सब्जियों के अलावा 20 एकड़ क्षेत्र में जैविक फलों की भी खेती की जा रही है। इस जैविक केन्द्र का मुख्य उद्देश्य जैविक खेती की समग्र सिफारिशें विकसित करके किसानो तक पहुंचाना तथा उन्हें जागरूक करना है ताकि वे रासायनिक खेती से हटकर जैविक खेती से जुड़ें। नियंत्रण अधिकारी डॉ. आरके झोरड़ ने बताया कि जैविक उत्कृष्ट केन्द्र में कम पानी में अधिक उत्पादन के लिए प्रयोग में लाई जा रही सिंचाई प्रणाली के लिए उप-सतही जल निकासी प्रणाली, स्वचालित सूक्ष्म सिंचाई, एचडीपीई तालाब और झील अस्तर, सौर पंपिंग प्रणाली आदि का प्रयोग किया जा रहा है। इस केन्द्र में गेहूं, जौं, सरसों, मक्का, गन्ना, गाजर, मूली, पालक आदि फसलों व सब्जियों के साथ-साथ फलों को भी उगाया जा रहा है। विश्वविद्यालय द्वारा जैविक उत्पादों को एचएयू मार्ट के माध्यम से बेचा जा रहा है। अतिथिगण व भ्रमणकारियों को केन्द्र में उत्पादित जैविक फलों तथा सब्जियों द्वारा निर्मित अल्पाहार भी कराया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के ओएसडी डॉ. एमके गर्ग, रजिस्ट्रार डॉ. बीआर. कंबोज, अनुसंधान निदेशक डॉ. एसके सहरावत, निदेशक एचआरएम डॉ. एमएस सिद्धपुरिया व अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

लोक संपर्क कार्यालय

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम: हरि. भूमि

दिनांक: 16.12.2019 पृष्ठ सं. 14 कॉलम 1

## मॉर्निंग वॉक के साथ पैदावार की ली जानकारी

हिसार। हकृवि में लगभग 150 एकड़ में स्थित दीनदयाल उपाध्याय जैविक उत्कृष्ट केंद्र के प्रति किसानों के साथ-साथ भ्रमणकारियो के लिए भी आकर्षण व जागरूकता दिनोंदिन बढ़ती जा रही है। इसी कड़ी में विश्वविद्यालय द्वारा आज जैविक बाग में प्रातःकालीन भ्रमणकारियों हेतु जैविक विहार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विधायक डॉ. कमल गुप्ता इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे, तथा उनकी धर्मपत्नी डॉ. प्रतिभा गुप्ता विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थी। कुलपति प्रो. केपी सिंह प्रातःकालीन सैर की और पैदावार की जानकारी प्राप्त की।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम: दैनिक जागरण
दिनांक: 16.12.2019 पृष्ठ सं: 13 कॉलम: 1-2

# एचएयू में क्लर्क लगवाने के नाम पर 6.60 लाख की धोखाधड़ी

**जागरण संवाददाता, हिसारः** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (एचएयू) में क्लर्क के पद पर भर्ती करवाने के नाम पर फर्जी अधिकारी बन कर तीन लोगों ने डोगरान मोहल्ला निवासी सरोज से छह लाख 60 हजार रुपये की धोखाधड़ी कर ली। पुलिस ने अब कर्मचारी, अनिल और संदीप के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी शिकायत में सरोज ने कहा कि मुजादपुर निवासी कर्मचारी उनके पति को जानता है। उनके पति को उसने खुद को डिप्टी डायरेक्टर के पद पर बताते हुए अफसरों और राजनेताओं से जान पहचान होने की बात कही। सरोज ने अपने परिवार में लड़की सोनिया को नौकरी लगवाने के लिए बातचीत की। इस पर तीनों आरोपित घर पर आए। इस पर अनिल ने खुद को एचएयू हिसार के वीसी का ड्राइवर बताया और संदीप ने सेना में ब्रिगेडियर बताया। तीनों ने खुद की नेताओं के साथ जान-पहचान होने की बात कहते हुए फार्म भरने के लिए कहा। आरोपितों ने उनसे 10 लाख रुपये की मांग रखी। बाद में वह घर पर आए और उसका अंगूठे का निशान भी लगवाया। शिकायतकर्ता के परिवार ने आरोपितों को तीन लाख 40 हजार रुपये उस दिन दे दिया। बाद में तीन लाख उधार लेकर आरोपितों को दिए गए। जब क्लर्क की परीक्षा हुई तो उसका पेपर भी नहीं हुआ। शिकायतकर्ता ने आरोपितों से पैसा वापस मांगा लेकिन वह उनको धमकी देने लगे। अब पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम........पंजाब केसरी........
दिनांक 16.12.2019 पृष्ठ सं. 1 कॉलम 2-6

ठगी

**एक ने एच.ए.यू. का फर्जी डिप्टी डायरैक्ट, दूसरे ने वी.सी. का ड्राइवर व तीसरे ने खुद को ब्रिगेडियर बता**

# युवती को क्लर्क लगवाने के नाम पर हड़पे 6.60 लाख

हिसार, 15 दिसम्बर (ब्यूरो): डोगरान मोहल्ला की महिला सरोज से 3 युवकों ने ननद सोनिया को एच.ए.यू. में क्लर्क लगवाने के नाम पर 6.60 लाख रुपए हड़प लिए। एक ने खुद को एच.ए.यू. का डिप्टी डायरैक्टर, दूसरे ने वी.सी. का ड्राइवर और तीसरे ने खुद को सेना का ब्रिगेडियर बताया था। एच.टी.एम. थाना पुलिस ने मुजादपुर गांव के कर्मबीर, अनिल और संदीप के खिलाफ केस दर्ज किया है। सरोज ने पुलिस शिकायत में बताया कि मुजादपुर का कर्मबीर मेरे पति भागीरथ से मिला था। उसने कहा था कि मेरी भाजपा नेताओं और एच.ए.यू. के अफसरों से अच्छी जान-पहचान है। एच.ए.यू. में क्लर्क की नौकरी निकली हुई है। किसी को नौकरी लगवाना हो तो बता देना। मैंने पहले भी काफी बच्चों को नौकरी पर लगवाया है। मैंने चाचा ससुर की बेटी सोनिया को नौकरी लगवाने बारे कहा। पति ने कर्मबीर से बात की। कर्मबीर, अनिल और संदीप 22 सितम्बर 2018 को हमारे घर आए थे।

**तीनों ने बताए थे भाजपा नेताओं व अधिकारियों से घनिष्ठ संबंध**

उन्होंने बताया था कि हमारी एच.ए.यू. के अफसरों और भाजपा नेताओं से अच्छी जान-पहचान है। हम सोनिया को क्लर्क लगवा देंगे। आपको 10 लाख रुपए देने होंगे। फार्म वगैरह का खर्चा हम खुद वहन करेंगे। हमने 3.50 लाख रुपए पास से और 3.10 लाख रुपए ब्याज पर उठाकर उन्हें दे दिए। उन्होंने कहा था कि बाकी रुपए नौकरी लगने के बाद दे देना। उसके बाद सोनिया का कोई पेपर नहीं हुआ। हमको बाद में पता चला कि कर्मबीर, अनिल और संदीप नौकरी नहीं करते। वे नौकरी का झांसा देकर लोगों को ठगते हैं। हमने बाद में कर्मबीर से रुपए मांगे तो उसने जान से मारने की धमकी दी।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम दैनिक भास्कर, दैनिक जागरण
दिनांक 15.12.2019 पृष्ठ सं. 1, 14 कॉलम 2, 3, 7, 8

## वानिकी विभागाध्यक्ष के घर में सेंधमारी, ले गए नकदी व गहने

भास्कर न्यूज | हिसार

एचएयू के वानिकी विभाग के अध्यक्ष डॉ. रविंद्र सिंह ढिल्लो के क्वार्टर नंबर 9/3 में चोर जंगला तोड़कर सेंधमारी करके हजारों रुपयों की नकदी और गहने ले गए।

ढिल्लो की बेटी ट्यूशन से घर लौटी और अंदर जाकर देखा को सामान बिखरा हुआ था। इसके परिजनों को सूचना दी। इस संबंध में पुलिस को शिकायत देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज करवाया है। शिकायत में ढिल्लो ने बताया कि 13 दिसंबर की सुबह 9 बजे घर से ऑफिस के लिए निकला था। क्वार्टर को पत्नी डा. सुमनलता ताला लगाकर आफिस चली गई थी। करीब 12.30 बजे बेटी ट्यूशन से क्वार्टर पर लौटी थी। अंदर जाकर देखा तो सामान बिखरा हुआ था। अलमारी खुली हुई थी। ऐसे में चोरी होने को अंदेशा हुआ। पहली मंजिल का जंगला टूटा हुआ दिखा, जिसके बाद बेटी ने मुझे सूचना दी थी। ऑफिस से घर लौटकर जांच करने पर पता चला कि चोर 46 हजार रुपये, सोने की 2 चेन, सोने की दो अंगूठी, कानों की बाली के 2 सेट, करीब 500 ग्राम चांदी के सिक्के चोरी मिले थे।

## एचएयू के प्रोफेसर के घर से चोरों ने नकदी व आभूषण चुराए

**हिसार :** एचएयू के पुराने कैंपस निवासी वानिकी विभाग के अध्यक्ष एंव प्राध्यापक डा. रविन्द्र सिंह ढिल्लो के घर चोरी का मामला सामने आया है। इस मामले में डा. रविंद्र ने पुलिस में शिकायत दी है। पुलिस में दी शिकायत में बताया कि शुक्रवार सुबह 9 बजे घर से आफिस के लिए निकला था। घर में उसकी पत्नी डा. सुमनलता घर पर ताला लगाकर उसके बाद घर से आफिस के लिए चली गई। तकरीबन 12.30 बजे दोपहर में उनकी बेटी ट्यूशन से आने के बाद घर का ताला खोलकर अन्दर गई तो उसने देखा कि घर का अलमारी का सामान बिखरा हुआ था। उसे पता चला कि चोरों ने उपर की जाली तोड़कर चोरी की है। उसने इस ब्रात की जानकारी फोन पर उन्हें दी। घर जाने के बाद उन्होंने सारा सामन देखकर अपनी पत्नी को भी घर पर ऑफिस से बुलाया। सामान की जांच के बाद पाया कि चोर 46 हजार रुपये की नकदी, सोने की दो चैन, सौने की दो अंगूठी, दो सैट कानों की बाली, लगभग 500 ग्राम चांदी के सिक्के चोरी कर ले गए है। (जासं)